**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 19.09.2025**

**श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ एवं अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में यातायात पुलिस जालौन द्वारा दुर्घनाओं की रोकथाम हेतु चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग की गयी व नियमों का पालन न करने वालों का एमवी एक्ट में चालान किया गया।**

आज दिनांक 19.09.2025 को यातायात प्रभारी मय यातायात पुलिस जालौन द्वारा यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु शहर क्षेत्र के विभिन्न चौराहा/तिराहा व पेट्रोल पंपों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट पेट्रोल लेने आए दोपहिया वाहन चालकों/नाबालिग चालको को ईंधन न देकर जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों के प्रति उन्हें जानकारी दी गई। यातायात पुलिस द्वारा आम जनमानस को जागरूक करते हुए पेट्रोल पंप संचालकों को भी इस अभियान का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस प्रकार यातायात पुलिस जालौन द्वारा कुल 81 दोपहिया/चारपहिया वाहनों का कुल 1,12,000/- रूपये का ई-चालान/चालान किया गया तथा 07 वाहनों को सीज भी किया गया एवं 21 नाबालिग वाहन चालको के अभिभावकों को बुलाकर छोड़ा गया।

वाहन चालकों को यह संदेश दिया जाता है कि यह आपकी सुरक्षा के लिए है कृपया स्टैण्डबाजी से बचे, यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।